**निदेशक कार्यालय**
**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

फा.सं.40-30/2022-स्था.I (नि.का.)                                   दिनांक: 04 सितम्बर 2024

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: एम्स, नई दिल्ली में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के कार्यान्वयन में <u>सुशासन संबंधी।</u>**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के कार्यान्वयन में सुशासन के सिद्धांतों हेतु प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी सीएसआर गतिविधियाँ पारदर्शी, नैतिक और जवाबदेह तरीके से संचालित हों, जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप हों और समाज को बेहतर बनाने में योगदान दें।

इस ज्ञापन का उद्देश्य उन सिद्धांतों और पद्धतियों को रेखांकित करना है जो एम्स, नई दिल्ली में सीएसआर गतिविधियों के संचालन हेतु मार्गदर्शन करेंगी। इससे वांछित सामाजिक प्रभाव प्राप्त करने और यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि एम्स, नई दिल्ली में आरंभ की जा रही सभी सीएसआर पहल लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार है।

एम्स, नई दिल्ली में सीएसआर गतिविधियों के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिक आचरण, समावेशिता और निरंतरता के मुख्य सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

**सीएसआर के लिए संस्थान में अपनाई जाने वाली कार्यान्वयन रूपरेखा निम्नानुसार होगी:**

- **सीएसआर समिति:** एम्स, नई दिल्ली में सीएसआर गतिविधियों के कार्यान्वयन की निगरानी हेतु एक समर्पित सीएसआर कार्यकारी समिति का गठन किया जाएगा। कार्यकारी समिति संभावित परियोजनाओं की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने, निधियों का इस्तेमाल करने, निधियों को आबंटित करने और सीएसआर के माध्यम से शुरू की गई सभी परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार होंगी। एम्स कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यकारी समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:

1. प्रो. जे.एस. तितियाल, प्रमुख, डॉ.रा.प्र.नेत्र विज्ञान केंद्र : अध्यक्ष
2. अपर निदेशक (प्रशासन) : सदस्य
3. चिकित्सा अधीक्षक, एम्स अस्पताल : सदस्य
4. वरिष्ठ वित्त सलाहकार : सदस्य
5. प्रभारी-आचार्य, मीडिया प्रभाग : सदस्य
6. डॉ. टी. वेलपांडियन, आचार्य, नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ.रा.प्र.कें.) : सदस्य
7. अधीक्षण अभियंता : सदस्य
8. मुख्य चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी : सदस्य
9. डॉ. कनिका जैन, प्रभारी-अधिकारी, सीएसआर : संयोजक
10. श्री राजीव मैखुरी, एमएसडब्ल्यू : सदस्य-सचिव

समिति द्वारा आवश्यक समझे जाने पर अध्यक्ष द्वारा किसी अन्य सदस्य को सम्मिलित किया जा सकता है।

- **परियोजना का चयन**: सीएसआर परियोजनाओं का चयन एम्स के मिशन एवं मूल्यों के अनुरूप सीएसआर समिति द्वारा प्रमुख सामाजिक मुद्दों को हल करने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाएगा। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए पूर्ण आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाएगा। एम्स, नई दिल्ली के सभी विभाग एवं संकाय-सदस्य सीएसआर के अंतर्गत वित्तपोषण हेतु विचार के लिए पूर्ण औचित्य एवं वित्तीय स्थिति के साथ सीएसआर समिति को csrcommittee@aiims.edu पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे सभी प्रस्ताव जो उचित पाए जाएंगे, उन्हें सभी संभावित सीएसआर दाताओं के लिए एम्स की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।
- **स्टेकहोल्डरों को साथ जोड़ना**: कर्मचारियों, लाभार्थियों एवं समुदाय के अग्रणी व्यक्तियों सहित स्टेकहोल्डरों को सक्रिय रूप से जोड़ना, हमारी सीएसआर नीति का एक प्रमुख भाग होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पहल प्रासंगिक एवं प्रभावी हैं, उनका इनपुट एवं फीडबैक मांगा जाएगा।
- **निगरानी एवं मूल्यांकन**: सीएसआर परियोजनाओं की प्रगति पर नज़र रखने के लिए एक मजबूत निगरानी एवं मूल्यांकन ढांचा बनाया जाएगा। इसमें नियमित रिपोर्टिंग, साइट विजिट एवं प्रभाव आकलन शामिल होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उद्देश्यों को पूरा किया जा रहा है।

- **क्षमता निर्माण**: सीएसआर गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों तथा सहभागियों के कौशल एवं ज्ञान को बढ़ाने, परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन तथा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**अनुपालन एवं रिपोर्टिंग**: एम्स, नई दिल्ली, सीएसआर गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले सभी प्रासंगिक कानूनों एवं विनियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेगा। वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट तैयार तथा प्रकाशित की जाएगी, जिसमें आरंभ की गई परियोजनाओं, इस्तेमाल की गई निधियों तथा उनके प्राप्त प्रभाव का विवरण होगा। ये रिपोर्ट नियामक निकायों, दानदाताओं तथा जनता सहित सभी स्टेकहोल्डरों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

**कंप्यूटर सुविधा, एम्स** द्वारा सीएसआर समिति के परामर्श से एम्स वेबसाइट पर एक पेज बनाया जाएगा जिसमें सीएसआर के अंतर्गत वित्तपोषण के लिए प्राप्त सभी प्रस्ताव अपलोड किए जाएंगे तथा संस्थान में चल रही सभी सीएसआर गतिविधियों की सूचना अपलोड की जाएगी।

(कार्रवाई: प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा)

सुशासन के सिद्धांतों का पालन करते हुए, एम्स, नई दिल्ली का लक्ष्य सीएसआर गतिविधियों के कार्यान्वयन में एक मानक स्थापित करना है। पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिक आचरण, समावेशिता तथा निरंतरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता समाज में सार्थक परिवर्तन लाने के हमारे प्रयासों को आगे बढ़ाएगी।

**(प्रो. एम. श्रीनिवास)**

निदेशक

**परिचालन**

- उपर्युक्तानुसार

**वितरण** (*इसे अपने नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों को परिचालित करने के अनुरोध सहित*)

1. संकायाध्यक्ष (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्रों के प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई. झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार

# OFFICE OF THE DIRECTOR
## ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
**Ansari Nagar, New Delhi-110029**

F. No.40-30/2022-Estt.-I(DO) Dated: 04th September 2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Good Governance in Implementation of Corporate Social Responsibility (CSR) at AIIMS, New Delhi reg.**

The All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi, is committed to the principles of good governance in the implementation of Corporate Social Responsibility (CSR) initiatives. Our goal is to ensure that all CSR activities are conducted in a transparent, ethical, and accountable manner, aligning with our core values and contributing to the betterment of society.

The objective of this memorandum is to outline the principles and practices that will guide the governance of CSR activities at AIIMS, New Delhi. This will help in achieving the desired social impact and ensuring that all CSR initiatives being undertaken at AIIMS, New Delhi are in compliance with applicable laws and regulations.

Key Principles of transparency, accountability, ethical conduct, inclusiveness and sustainability will be followed in the implementation of CSR activities at AIIMS, New Delhi.

**Implementation Framework to be followed at the Institute for CSR will be as follows:**

- **CSR Committee:** AIIMS, New Delhi will have a dedicated CSR Executive Committee will be established to oversee the implementation of CSR activities. The executive committee will be responsible for identifying & prioritising potential projects, mobilising funds, allocating funds, and monitoring the progress of all projects undertaken through CSR. The AIIMS Corporate Social Responsibility (CSR) executive committee will consist of the following members:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Prof. J.S. Tityal, Chief, Dr. RPCOS | : | Chairperson |
| 2. | The Additional Director (Administration) | : | Member |
| 3. | The Medical Superintendent, AIIMS Hospital | : | Member |
| 4. | The Senior Financial Advisor | : | Member |
| 5. | Professor In-charge, Media Division | : | Member |
| 6. | Dr. T. Velpandian, Professor of Ocular Pharmacology (RPC) | : | Member |
| 6. | The Superintending Engineer | : | Member |
| 7. | The Chief MSSO | : | Member |
| 8. | Dr. Kanika Jain, Officer Incharge, CSR | : | Convener |
| 9. | Mr. Rajiv Maikhuri, MSW | : | Member Secretary |

The chairperson can co-opt any member as deemed necessary by the committee.

- **Project Selection:** CSR projects will be selected based on their alignment with AIIMS's mission and values, as well as their potential to address key social issues by the CSR Committee. A thorough needs assessment will be conducted to identify priority areas. All departments as well faculty members at AIIMS, New Delhi can submit a proposal with complete justification and financials for consideration for funding under CSR to the CSR Committee on csrcommittee@aiims.edu. All such proposals which are found justified will be put up on the AIIMS website for all potential CSR donors.

- **Stakeholder Engagement:** Active engagement with stakeholders, including employees, beneficiaries, and community leaders, will be a key component of our CSR strategy. Their input and feedback will be sought to ensure that initiatives are relevant and effective.

- **Monitoring and Evaluation:** A robust monitoring and evaluation framework will be put in place to track the progress of CSR projects. This will include regular reporting, site visits, and impact assessments to ensure that objectives are being met.

- **Capacity Building:** Training and capacity-building programs will be organized for employees and partners involved in CSR activities to enhance their skills and knowledge, ensuring effective implementation and management of projects.

**Compliance and Reporting:** AIIMS, New Delhi, will ensure full compliance with all relevant laws and regulations governing CSR activities. Annual CSR reports will be prepared and published, detailing the projects undertaken, funds utilized, and the impact achieved. These reports will be made available to all stakeholders, including regulatory bodies, donors, and the public.

**Computer Facility, AIIMS** in consultation with the CSR committee will develop a page on the AIIMS Website wherein all proposals as received for funding under CSR will be uploaded, information on all ongoing CSR activities at the Institute will be uploaded.

(Action: Professor Incharge, Computer Facility)

By adhering to the principles of good governance, AIIMS, New Delhi, aims to set a benchmark in the implementation of CSR activities. Our commitment to transparency, accountability, ethical conduct, inclusiveness, and sustainability will drive our efforts to make a meaningful difference in society.

4/9/2024

**( Prof. M. Srinivas )**
Director

**Circulation:**

- As above

**Distribution** *(with a request to also circulate it to all officials under their control)*

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor